अमर उजाला 22-03-2025

# पृथ्वी की भौतिकी स्थिति की दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में भौतिकी विभाग की ओर से जियोफिजिक्स पर विशेष व्याख्यान किया। विद्यार्थियों को पृथ्वी की भौतिकी स्थिति बारे में बताया।

व्याख्यान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पहुंचे मुख्य वक्ता प्रो. बीएस चौधरी ने बताया कि जियोफिजिक्स एक प्रयुक्त विज्ञान भी है, क्योंकि इसमें भूमि समस्याओं और प्राकृतिक रूपों में उपलब्ध पदार्थों के व्यवहार की व्याख्या मूल विज्ञान की सहायता से की जाती है। इसका विकास भौतिकी और भौमिकी से हुआ है। भूभौतिकी के लगभग दस उपविभाग हैं जिनमें ग्रह विज्ञान, वायु विज्ञान, मौसम विज्ञान, जल विज्ञान, समुद्र विज्ञान, भूकंप विज्ञान, ज्वालामुखी विज्ञान, भूचुंबकत्व, भूगणित और विवर्तनिक भौतिकी शामिल हैं।



जीएमएन कॉलेज में आयोजित जियोफिजिक्स व्याख्यान में शामिल अधिकारी। कॉलेज